# सूबे के किसी भी पुल पर बड़े वाहनों को नहीं रोका जायेगा

## विस में बोले नितिन

संवाददाता, पटना

**पथ** निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि राज्य के किसी भी पुल पर बड़े



वाहनों को रोकने की व्यवस्था नहीं होगी. पुलों पर बड़े वाहनों को रोकने से उसकी गुणवत्ता में कमी आती है. उन्होंने बताया कि पथ निर्माण विभाग को इसके लिए निर्देश दिया गया है. पथ निर्माण मंत्री बुधवार को विधानसभा में आरा के विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह के अल्पसूचित प्रश्न का जवाब दे रहे थे. उन्होंने सदन को बताया कि कोइलवर-छपरा और कोइलवर-आरा पुल पर बड़े वाहन या ट्रक रुकते हैं. उसको अब बंद किया जायेगा. इसको लेकर जिला प्रशासन और परिवहन विभाग से आग्रह किया गया है.

**बिहटा को जाम से मुक्ति के लिए तैयार हो रहा है वैकल्पिक मार्ग :** इसके अलावा बिहटा में जाम की समस्या से निदान के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था भी की जा रही है. इसमें एनएचआइ द्वारा किये जा रहे कार्य के पूरा होने तक आवश्यकता अनुसार वैकल्पिक मार्ग को लेकर अनुरोध किया जा रहा है. साथ ही जेपी गंगा पथ से दीघा से कोइलवर तक जाने के लिए एलिवेटेड ऐट ग्रेड पथ के निर्माण के लिए कुल 6495.78 करोड़ की योजना स्वीकृत की गयी है. इसके अलावा दानापुर कैंट से मनेर होते हुए बिहटा जानेवाली पुरानी सड़क को भी फोरलेन तक चौड़ीकरण करने के लिए कुल 182.48 करोड़ की स्वीकृति दी गयी है. बिहटा शहर के वैकल्पिक मार्ग के तहत नगहर (एनएच-139) से कैनाल बैंक होते हुए बिहटा चौक के पास एनएच-922 को जोड़ने वाली वैकल्पिक मार्ग हैं. इसकी लंबाई 23 किलोमीटर है और जल संसाधन विभाग की है. इसके निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति की कार्रवाई की जा रही है. उन्होंने बताया कि विशुनपुरा बाइपास का निर्माण कार्य युद्ध स्तर से किया जा रहा है.

## निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**पटना.** पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान बुधवार को कहा है कि कोइलवर और छपरा सहित सभी पुलों पर भारी वाहनों का ठहराव नहीं होगा. इसे लेकर सभी डीएम और परिवहन विभाग को भी निर्देश दिया गया है. उन्होंने कहा कि पुलों पर भारी वाहनों के ठहराव से उसकी गुणवत्ता पर असर पड़ता है, इसलिए यह फैसला लिया गया है. इस समीक्षा बैठक में विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, बीएसआरडीसीएल के एमडी शीर्षत कपिल समेत कई अधिकारी मौजूद रहे.